प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 13.03.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मॉरिशस की दो दिन की सफल यात्रा के बाद आज नई दिल्ली लौट आए ।इस यात्रा के दौरान भारत और मॉरीशस के बीच कल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। प्रधानमंत्री को ग्रैंड कमांडर ऑफ दी ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ दी इंडियन ओशन पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय हैं।

सड़क दुर्घटना

धार जिले में देर रात एक सड़क हादसे में सात लोगों की मृत्यु हो गयी और कुछ अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर रॉन्ग साइड से आ रहे गैस टैंकर ने एक कार और पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। इस हादस में पिकअप में सवार तीन और कार सवार चार लोगों समेत सात की मौत हो गई। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मृतक रतलाम और मंदसौर जिलों के रहने वाले थे। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

प्रदेश होली

प्रदेश में होली का उल्लास परवान पर है. महाकाल सहित सभी प्रमुख मंदिरों में होली के लिए खास साज सज्जा की गयी है. होलिका दहन के लिए भी लकड़ी के स्थान पर गौ काष्ठ को प्रोत्साहित किया जा रहा है.

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सभी नागरिकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता बनाए रखने और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की अपील की है ।

छिंदवाड़ा में इस बार की होली हर्बल गुलाल से मनाने की तैयारी है। हर्बल गुलाल किसी बड़ी कंपनी में नहीं बल्कि शहर से लगे पीवीटीजी वन-धन केन्द्र सारना के अंतर्गत झिरलिंगा में दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं तैयार कर रही है।

सतना और मैहर जिले में आज होलिका दहन पर्व हर्षोल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा । थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त, आदेश जारी किए गए है। शाजापुर जिले में आगामी त्यौहारों के मद्देनज़र कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु फ्लैग मार्च निकाला गया।

भोपाल में रंगो के त्योहार होली पर्व के मौके पर लोगों की सेहत को देखते हुए खाद्य विभाग अलर्ट हो गया है। खाद्य विभाग की टीम शहर के होटल और रेस्टोरेंट में पहुंचकर त्योहारी सीजन में तैयार की जा रही विशेष मिठाइयों का परीक्षण कर रही है।

कटनी में होली और रमजान को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है । पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला।

विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन-WAVES के लिए रन-अप गतिविधियों के हिस्से के तौर पर भारत की सुंदरता और विविधता पर 2-3 मिनट का वीडियो बनाने के लिए उत्साही ड्रोन पायलटों/और फिल्म निर्माताओं को आमंत्रित किया गया है । वेव्स सम्मेलन 1 से 4 मई तक आयोजित होगा । इस प्रतियोगिता में वीडियो संपादक, पेशेवर ड्रोन पायलट,फिल्म निर्माता, छात्र, व्यक्ति और नमो ड्रोन दीदी योजना के लाभार्थी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 15 मार्च तक खुले हैं। पंजीकरण पूरा होने के बाद, प्रतिभागियों को केंद्रीय विषय “भारत: एक विहंगम दृश्य” पर ड्रोन वीडियो शूट और तैयार करना होगा ।

डब्ल्यूपीएल क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात जायंट्स से होगा। यह मैच आज मुंबई में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका है। प्रतियोगिता में मुंबई दूसरे जबकि गुजरात जायंट्स तीसरे स्थान पर है।

समाचार संक्षेप में...

1. आगरमालवा कोतवाली पुलिस द्वारा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय नेहरू महाविद्यालय में कल आयोजित हुए वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में ऑनलाईन धोखाधड़ी के नए तरीके और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार पर जानकारी दी गई ।
2. सिंगरौली कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ल ने कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। और

3. शिवपुरी जिले में आगामी समय में पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है ।

....